आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 124 | उज्जैन, शुक्रवार 28 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## स्पेस पॉलिसी के निर्माण और प्रदेश में इसरो के केंद्र के लिए होंगे प्रयास-मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कर रहा नेतृत्व

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रकृति के अनेक रहस्य सुलझाने की क्षमता विज्ञान में हैं। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग से अनेक क्षेत्रों में बड़े परिवर्तन हो रहे हैं। फार्मिंग से लेकर फायनेंस तक मैन्यूफैक्चरिंग से लेकर मेडिसिन तक और एजुकेशन से लेकर कम्यूनिकेशन तक प्रत्येक क्षेत्र का स्वरूप परिवर्तित हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गत एक दशक में भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तीव्र प्रगति की है। राष्ट्र में एक नई ऊर्जा और शक्ति का संचार हुआ है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की विजनरी नीति का ही परिणाम है कि भारत डिफेंस और अन्तरिक्ष के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। भारत इस क्षेत्र में गलोबल लीडर बन रहा है।



मध्यप्रदेश शासन द्वारा शीघ्र ही स्पेस पॉलिसी बनाई जाएगी। प्रदेश में इसरो के केंद्र की शुरूआत के लिए भी मंथन प्रारंभ किया गया है। हाल ही में जीआईएस के दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उपयोग पर केंद्रित 4 नीतियों को लागू करने की पहल इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को उज्जैन में हो रहे राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन/ विज्ञान उत्सव और चालीसवें मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन का समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वर्चुअल रूप से शुभारंभ करते हुए यह बात कही। यह सम्मेलन कालिदास अकादमी परिसर उज्जैन में हो रहा है। कार्यक्रम में कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री गौतम टेटवाल भी वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

#### *मध्यप्रदेश को बनाएंगे टेक्नालॉजी और इनोवेशन हब*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में विज्ञान का उपयोग बढ़ाया जाएगा। प्रदेश को टेक्नालॉजी और इनोवेशन हब बनाया जाएगा। हाल ही में इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट अर्थात स्पैडेक्स सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग करते हुए इतिहास रच दिया है। इसके लिए इसरो की टीम बधाई की पात्र है।

## विभिन्न कारणों से देशभर में अटकी 637 परियोजनाएं, नितिन गडकरी ने संसद में बताई बड़ी वजह



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक जवाब में कहा कि भारतमाला परियोजना योजना के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं सहित 637 परियोजनाओं में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण संबंधी मुद्दों और ठेकेदारों के समक्ष आने वाली वित्तीय कठिनाइयों जैसे कारणों से देरी हो रही है।

गडकरी ने राज्यसभा में एक जवाब में कहा कि अप्रत्याशित घटनाओं के अलावा निर्माण सामग्री की कमी आदि के कारण भी परियोजनाओं में देरी हुई है। भारतमाला परियोजना योजना के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं सहित 637 परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी हुई है।

इन चुनौतियों से निपटने और परियोजना निष्पादन में तेजी लाने के लिए सरकार ने विभिन्न पहल की हैं।इसके अलावा, अगर देरी ठेकेदार की वजह से होती है, तो हर्जाना लगाया जाता है और देरी के कारण कोई अतिरिक्त लागत नहीं आती है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी विलंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

## दुर्घटना वाले दिन औसत बिक्री से 11 प्रतिशत अधिक बिके प्लेटफॉर्म टिकट, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे पर बोले रेल मंत्री



नई दिल्ली (एजेंसी)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 11,099 प्लेटफार्म टिकट बिके। उस दिन स्टेशन पर भगदड़ मची थी जिसमें 18 यात्रियों की मौत हो गई थी, और यह प्रतिदिन औसत बिक्री से केवल 11 प्रतिशत अधिक है।

टीएमसी सांसद ने पूछा सवाल- बुधवार को लोकसभा में एक लिखित जवाब में रेल मेंत्री ने कहा कि मौजूदा प्लेटफार्म की क्षमता इस भार को वहन करने के लिए पर्याप्त है। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अधिकारी दीपक ने पिछले छह महीनों के साथ-साथ 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री का ब्योरा मांगते हुए यह मुद्दा उठाया।

वैष्णव ने कहा, व्यक्तियों को प्लेटफॉर्म टिकट जारी करने का उद्देश्य मुख्य रूप से बुजुर्ग, मरीज, महिला यात्री आदि टिकट धारकों को प्लेटफॉर्म क्षेत्र के अंदर ले जाना है। उन्होंने कहा, प्लेटफॉर्म टिकट जारी होने के समय से केवल दो घंटे के लिए वैध होता है और इन टिकटों को जारी करना प्लेटफॉर्म पर बैठने की जगह की क्षमता के अनुसार सीमित होता है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 11 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया, अवैध मछली पकड़ने का आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। श्रीलंकाई नौसेना ने गुरुवार को विशेष अभियान के तहत उत्तरी क्षेत्र में डेल्फ़्ट द्वीप के समीप 11 भारतीय मछुआरों को कथित रूप से अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया और उनकी ट्रॉलर को जब्त कर लिया।

गिरफ्तार किए गए मछुआरों को कांकासनथुराई बंदरगाह लाया गया है, जहां उन्हें आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए मैलाडी के मत्स्य निरीक्षक को सौंपा जाएगा। श्रीलंकाई नौसेना नियमित रूप से अपने जलक्षेत्र में अवैध मछली पकड़ने की गतिविधियों पर नजर रखती है और इस तरह की कार्रवाइयां करती है।

मछुआरों की समस्या- भारतीय और श्रीलंकाई मछुआरों के बीच समुद्री सीमा का उल्लंघन एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। पाक जलडमरूमध्य, जो तमिलनाडु को श्रीलंका से अलग करता है, दोनों देशों के मछुआरों के लिए समृद्ध मछली पकड़ने का क्षेत्र है। अक्सर, मछुआरे अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप गिरफ्तारियाँ और नौकाओं की जब्ती होती है।

अतीत को कुछ घटनाएं- हाल ही में, श्रीलंकाई नौसेना ने जनवरी 2025 में 8 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था और उनकी दो नौकाएँ जब्त की थीं। इसके अलावा, दिसंबर 2024 में, श्रीलंकाई अधिकारियों ने इस वर्ष अब तक 537 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने की सूचना दी थी। भारतीय उच्चायोग ने इन मछुआरों की शीघ्र रिहाई का आग्रह किया था और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया था।

## पिछले वर्ष अक्टूबर से भारत-चीन संबंधों में हुआ कुछ सुधार- जयशंकर



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर से भारत और चीन के बीच संबंधों में कुछ सुधार हुआ है। दोनों देश इसके विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2020 में जो हुआ, वह उन मुद्दों से निपटने का तरीका नहीं था। भविष्य में भी दोनों देशों के बीच मुद्दे उठेंगे, लेकिन संघर्ष के बिना भी उनसे निपटने के तरीके हैं।

द्विपक्षीय संबंधों को फिर कायम करने की कोशिश- बुधवार को एशिया सोसाइटी के क्यूंग-वा कांग के साथ बातचीत में जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन 2020 में की गई कार्रवाइयों से हुए नुकसान को कम करने और द्विपक्षीय संबंधों को फिर कायम करने की कोशिश कर रहे हैं।

हमने 1962 में चीन के साथ युद्ध किया था- उन्होंने कहा, हमने 1962 में चीन के साथ युद्ध किया था। उसके बाद हमें राजदूत को वापस भेजने में 14 वर्ष लग गए। भारत के प्रधानमंत्री को उस देश का दौरा करने में 12 वर्ष और लगे। 1988 से भारत और चीन के बीच एक समझ बनी जिसके आधार पर संबंधों को फिर बनाया गया। हम सीमा मुद्दों में से अधिकांश को हल नहीं कर सके, लेकिन हमने एक रिश्ता बनाया और उसका प्रबंधन किया। जयशंकर ने कहा कि सीमा मुद्दे का समाधान खोजने के लिए बातचीत चल रही थी। अगर हम 1988 को 2020 तक का शुरुआती बिंदु मानें तो सीमावर्ती क्षेत्रों में घटनाएं तो हुईं, लेकिन रक्तपात नहीं हुआ।

## अब दूध पीना पड़ेगा महंगा! 4 रुपये का इजाफा; 1 अप्रैल से लागू होंगी नई कीमतें



नई दिल्ली (एजेंसी)। महंगाई के इस दौर में अब दूध भी आम आदमी की जेब ढीली करने जा रहा है। अब एक लीटर दूध के पैकेट की कीमत 4 रुपये बढ़ गई है। ये नई कीमतें एक अप्रैल से लागू होंगी। ये फैसला कर्नाटक सरकार ने लिया है।

राज्य सरकार में मंत्री केएन रंजना ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में दूध की कीमतें 4 रुपये प्रति लीटर बढ़ जाएंगी। डेयरी किसान और कर्नाटक मिल्क फेडरेशन लंबे समय से कीमतें बढ़ाने की मांग कर रहे थे।

## हमारे संबंधों की नींव है बलिदान, PM मोदी की मोहम्मद यूनुस को चिट्ठी; बांग्लादेश को याद दिलाया मुक्ति संग्राम

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में हालात बेहद अस्थिर बने हुए हैं। इस बीच बांग्लादेश की सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिट्ठी लिखी है। पीएम मोदी ने बांग्लादेश के राष्ट्रीय दिवस पर ये चिट्ठी लिखी है।



पीएम मोदी ने इस चिट्ठी में इतिहास का जिक्र किया और 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम की अटूट भावना को भारत-बांग्लादेश के मजबूत संबंधों की नींव बताया, और बांग्लादेश को उसकी स्थापना में भारत की भूमिका की याद दिलाई।

पीएम ने लिखा, मैं बांग्लादेश के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आपको और बांग्लादेश के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। यह दिन हमारे साझा इतिहास और बलिदानों का प्रमाण है, जिसने हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की नींव रखी है। बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम की भावना हमारे संबंधों के लिए मार्गदर्शक बनी हुई है, जो कई क्षेत्रों में फली-फूली है और हमारे लोगों को ठोस लाभ पहुंचा रही है।

बिम्सटेक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे दोनों नेता- पीएम मोदी ने कहा कि हम शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए अपनी साझा आकांक्षाओं और एक-दूसरे के हितों और चिंताओं के प्रति आपसी संवेदनशीलता के आधार पर इस साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों नेता 3-4 अप्रैल को बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। ढाका ने द्विपक्षीय बैठक की मांग की है, जबकि भारत अब तक इस मुद्दे पर चुप रहा है।

भारत ने बांग्लादेश को याद दिलाया इतिहास- भारत की पुरानी सहयोगी शेख हसीना के नेतृत्व वाली आवामी लीग सरकार को देशव्यापी आंदोलन के बाद गिराए जाने और पूर्व प्रधानमंत्री को भारत भागने पर मजबूर होने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। सत्ता परिवर्तन के बाद बनी अंतरिम सरकार का नेतृत्व नोबेल पुरस्कार विजेता और अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस कर रहे हैं।

अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों के बीच भारत ने बांग्लादेश के साथ अपनी चिंताएं साझा की हैं। ढाका ने कहा है कि हमले सांप्रदायिक नहीं, बल्कि राजनीति से प्रेरित हैं।

मोहम्मद यूनुस बैंकॉक में होने वाली BIMSTEC समिट में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करना चाहते हैं। हालांकि भारत ने अभी तक जवाब नहीं दिया है। इतना ही नहीं युनूस चीन जाने से पहले भारत आना चाहते थे, लेकिन उन्हें भाव नहीं मिला।

# बलूचिस्तान में फिर शुरू हुआ खूनी खेल, विद्रोहियों ने बस पर किया हमला




नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात बंदूकधारियों ने एक यात्री बस से पंजाब के पांच लोगों को उतारकर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। हमले में घायल हुए एक अन्य यात्री ने बाद में दम तोड़ दिया।

ग्वादर के डिप्टी कमिश्नर हमूदुर रहमान के हवाले से जियो न्यूज ने बताया कि यह हमला प्रांत के ग्वादर जिले में हुआ, जब हथियारबंद लोगों ने कलमत इलाके में रात को कराची जाने वाली बस के पांच यात्रियों की हत्या कर दी।

6 लोगों की मौत - बाद में एक घायल यात्री की मौत के साथ ही मरने वालों की संख्या छह हो गई। डॉन अखबार ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने यात्रियों के पहचान पत्र जांचने के बाद उनकी हत्या कर दी और तीन अन्य को भी अपने साथ ले गए।

एक अधिकारी के हवाले से इसने कहा कि वे देश के पंजाब प्रांत के थे। किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन अतीत में जातीय बलूच आतंकवादी समूहों ने पंजाब के लोगों के खिलाफ इस तरह के लक्षित हमले किए हैं।

शहबाज ने की हमले की निंदा - प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की और संबंधित अधिकारियों को जांच करने और जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाने का निर्देश दिया। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा, आतंकवादी देश के विकास और बलूचिस्तान की समृद्धि के दुश्मन हैं। वे बलूचिस्तान में प्रगति नहीं देख सकते।

यह हमला प्रांत में तनावपूर्ण स्थिति के बीच हुआ है, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकवादियों ने 440 यात्रियों को ले जा रही जाफर एक्सप्रेस का अपहरण कर लिया था।

18 सुरक्षाकर्मियों सहित 26 बंधकों की मौत- अपहरण के परिणामस्वरूप 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 26 बंधकों की मौत हो गई थी। सेना ने अगले दिन सभी 33 आतंकवादियों को मार गिराया और 354 बंधकों को छुड़ाया। तब से, बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने दो अलग-अलग घटनाओं में चार पुलिसकर्मियों और चार मजदूरों की हत्या कर दी थी।

17 मार्च को प्रांत में एक स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) के आवास पर ग्रेनेड हमले में चार बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए थे।

# अब हमारी बारी, यूक्रेन से जंग के बीच भारत आएंगे पुतिन; दोस्त मोदी का न्योता किया स्वीकार



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत की यात्रा करेंगे। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को पुष्टि की कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। हालांकि, उन्होंने निश्चित तारीख नहीं बताई है।

लावरोव ने कहा कि भारत वर्तमान में रूसी राष्ट्रपति की यात्रा की व्यवस्था कर रहा है। सम्मेलन का आयोजन रूस में भारतीय दूतावास और रूसी अंतर्राष्ट्रीय मामलों की परिषद द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि पुतिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत का दौरा करेंगे।

लावरोव ने कहा, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार के प्रमुख से मिलने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। रूसी राष्ट्राध्यक्ष की भारत गणराज्य की यात्रा की वर्तमान में तैयारी की जा रही है।

राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद पहली बार भारत आ रहे पुतिन

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार के प्रमुख की यात्रा का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। रूसी विदेश मंत्री ने सरकारी समाचार एजेंसी ञ्रस्स के हवाले से कहा, रूसी राष्ट्राध्यक्ष की भारत गणराज्य की यात्रा की वर्तमान में तैयारी की जा रही है। लावरोव ने कहा कि पिछले साल फिर से चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की पहली विदेश यात्रा रूस की थी। उन्होंने कहा, अब हमारी बारी है।

## अमेरिका में इस दवा के ओवरडोज से इंसान बन रहे जॉम्बी, पैरों में हुए बड़े छेद



इन दिनों अमेरिका के कई शहरों में एक नई ड्रग ज़ाइलेजिन या ट्रांक के कारण भारी तबाही मच रही है। यह ड्रग मूल रूप से पशु चिकित्सा के लिए मंजूर की गई थी, लेकिन अब यह अवैध नशीली दवाओं में मिलाकर इसका उपयोग किया जा रहा है।

ज़ाइलेजिन, जो कि एक नॉन-ऑपियोइड है, इंसान के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह ड्रग हेरोइन के साथ मिलाकर लोगों में खतरनाक लक्षण उत्पन्न कर रही है, जैसे कि त्वचा का सड़ना और जानलेवा ओवरडोज़।

ज़ाइलेजिन की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसकी ओवरडोज़ पर नलॉक्सोन, जो एक सामान्य ओवरडोज़ रिवर्सल दवा है, कोई असर नहीं दिखाता। इस कारण से, ओवरडोज़ का इलाज करना बेहद मुश्किल हो जाता है।

लगातार ज़ाइलेजिन के संपर्क में रहने से शरीर में अत्यधिक थकावट, श्वसन तंत्र में समस्या और त्वचा पर घाव बनने जैसे लक्षण सामने आते हैं। इन घावों की गंभीरता बढ़ने पर ये मृत त्वचा में बदल सकते हैं, जिसे मेडिकल टर्म में एस्कर कहा जाता है और इसका इलाज केवल एमप्युटेशन (अंग की काटने) से ही संभव हो सकता है।

## एक गलती और लीक हो गई हूती हमले की सीक्रेट चैट, कैसे दुनिया के सामने आया ट्रंप का War प्लान?





नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका की ओर से हूती विद्रोहियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। 15 मार्च लाल सागर में अमेरिका की ओर से हूती विद्रोहियों पर जबरदस्त हमला किया गया था।

ट्रंप प्रशासन ने पूरी प्लानिंग के जरिए इस हमले को अंजाम दिया। हालांकि, उनकी प्लानिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म Signal पर चल रही थी। ट्रंप कैबिनेट कई वरिष्ठ नेता इसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए पल-पल की जानकारी शेयर कर रहे थे। ट्रंप कैबिनेट के 18 कद्दावर मंत्रियों ने मिलकर एक ग्रुप बनाया था, जिस पर सभी बातचीत कर रहे थे।

हालांकि, ट्रंप कैबिनेट से एक चूक हो गई। दरअसल, बातचीत की योजना लीक हो गई। नेताओं की बीच बातचीत की स्क्रीनशॉट दुनिया के सामने आ चुकी है। ग्रुप में नेता एक दूसरे के हूती के खिलाफ हमले को लेकर क्या-क्या बातचीत कर रहे थे, उसकी काफी जानकारी लीक चैट से मिली है।

मैसेंजिग ऐप सिग्नल पर ट्रंप कैबिनेट के नेताओं ने Houthi PC Small Group नामक एक ग्रुप बनाया था।

## पुतिन की जल्द मौत होगी और ये सच है, जेलेंस्की का बड़ा दावा; किस गंभीर बीमारी से जूझ रहे रूस के राष्ट्रपति?



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया है कि व्लादिमीर पुतिन जल्द ही मर जाएंगे। रूस के राष्ट्रपति पुतिन को लेकर अटकलें हैं कि वो इस वक्त खराब स्वस्थ्य से जूझ रहे हैं। यह बात उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों से मुलाकात के बाद एक इंटरव्यू के दौरान कही।

जेलेंस्की ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, पुतिन जल्द मरेंगे और यह एक सच है। इसके साथ हमारी लड़ाई का भी होगा।

सूजा हुआ दिखा पुतिन का चेहरा- पुतिन को लंबे समय से ऐसी अफवाहें सुनने को मिल रही हैं कि वे स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 72 साल के पुतिन का चेहरा सूजा हुआ दिखाई दिया है, उनके पैर में ऐंठन है और उनकी आंखें लाल हैं, जिससे अटकलों को और बल मिला है।

पुतिन को है ये गंभीर बीमारी- कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि उन्हें कैंसर और पार्किंसन जैसी गंभीर बीमारियां हैं। 2022 में एक विशेष घटना में राष्ट्रपति तत्कालीन रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के साथ बैठक के दौरान पुतिन का अपनी कुर्सी पर झुककर बैठना और टेबल को पकड़ना इस बात की ओर इशारा करता है कि उनकी सेहत खराब है ।

कल रात के इंटरव्यू के दौरान जेलेंस्की ने यह भी दावा किया कि पुतिन यूरोपीय संघ को अंदर से चोट पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका संदर्भ हंगरी जैसे ब्लॉक के अधिक रूसी सदस्यों से था।

यूरोपीय नेताओं का स्वागत करेंगे जेलेंस्की - इमैनुअल मैक्रों, जेलेंस्की के साथ आज यूरोपीय नेताओं का स्वागत करेंगे, ताकि वे इस बात पर सहमत हो सकें कि तीन साल से अधिक पुराने युद्ध में युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने के बाद यूरोप यूक्रेन को क्या सुरक्षा गारंटी दे सकता है।

# किम जोंग का नया कारनामा, AI से बनाया खतरनाक हथियार; बौखलाया अमेरिका



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से लैस आत्मघाती ड्रोन के परीक्षण की निगरानी की और कहा कि आधुनिक हथियारों के विकास में मानव रहित नियंत्रण और एआई क्षमता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने नए उन्नत टोही ड्रोन का भी निरीक्षण किया, जो जमीन और समुद्र में विभिन्न सामरिक लक्ष्यों और दुश्मन की गतिविधियों का पता लगाने में सक्षम हैं।

किम ने कहा कि मानव रहित उपकरण और एआई के क्षेत्र को सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उत्तर कोरिया ने पहली बार आधिकारिक तौर पर एक पूर्व चेतावनी विमान का भी अनावरण किया। यह ऐसी क्षमता है जो इसकी पुरानी वायु रक्षा प्रणालियों में सुधार कर सकती है।

ड्रोन को देखते हुए आई फोटो- उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा जारी की गई तस्वीरों में किम को एक बड़े टोही ड्रोन को देखते हुए दिखाया गया है।

यह बोइंग के ई-7 वेजटेल एयरबोर्न वार्निंग और कंट्रोल एयरक्राफ्ट जैसा दिख रहा था। अन्य तस्वीरों में लक्ष्य के रूप में इस्तेमाल सैन्य वाहनों में विस्फोट करने वाले ड्रोन को हमला करते दिखाया गया है।

# ये सीधा हमला, ट्रंप के एक फैसले से भड़क उठे कनाडा के पीएम, अमेरिका संग रिश्तों पर दिया बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए ऑटो टैरिफ्स को सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह व्यापार युद्ध अमेरिका के लिए भी नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से अमेरिकी उपभोक्ता विश्वास अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। ट्रंप ने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि यह टैरिफ 25 प्रतिशत होगा और यह स्थायी रहेगा।

कनाडा की प्रतिक्रिया और रक्षा- कार्नी ने कहा, यह एक बहुत ही सीधा हमला है। हम अपने श्रमिकों, कंपनियों और देश की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह ट्रंप के आदेश के विवरण को देखे बिना कोई प्रतिकारक कदम नहीं उठाएंगे, लेकिन इस फैसले को उन्होंने अन्यायपूर्ण बताया। कार्नी ने यह भी कहा कि वह गुरुवार को अपने चुनाव प्रचार को छोड़कर ओटावा जाएंगे, जहां वह अमेरिका के साथ संबंधों पर विशेष कैबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

कनाडा के लिए ऑटो उद्योग का महत्व- कार्नी ने यह भी घोषणा की कि वह ट्रंप के टैरिफ्स से प्रभावित कनाडाई ऑटो नौकरियों की रक्षा के लिए 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का स्ट्रैटेजिक रिस्पॉन्स फंड बनाएंगे। ऑटो उद्योग कनाडा का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र है, और इसमें 125,000 कनाडाई लोग सीधे काम करते हैं, जबकि लगभग 500,000 लोग इससे संबंधित उद्योगों में काम करते हैं।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के ट्रांसफर पर CJI का बार एसोसिएशनों को आश्वासन




नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात हाई कोर्ट, केरल हाई कोर्ट, कर्नाटक हाई कोर्ट, लखनऊ बार एसोसिएशन, इलाहाबाद हाई कोर्ट सहित छह बार प्रमुखों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को चिट्ठी लिखकर दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के ट्रांसफर आदेश पर रोक लगाने की मांग की है। दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश के घर बड़ी मात्रा में नकदी मिली थी।

चिट्ठी मिलने के बाद, मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने दिल्ली में बार एसोसिएशनों के प्रमुखों से मुलाकात की। चिट्ठी में एसोसिएशन ने वर्मा के 30, तुगलक क्रीसेंट स्थित आवास से नकदी बरामदगी से संबंधित मामले में जवाबदेही और उचित जांच की मांग की है। इसके अलावा, चिट्ठी में कहा गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए और न्यायाधीशों की जवाबदेही तय की जाए।

इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने आश्वासन दिया है कि वे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश वापस लेने की वकीलों की मांग पर विचार करेंगे।

बार एसोसिएशनों ने मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर वापस लेने और पहले से वापस लिए गए न्यायिक कार्यों के अतिरिक्त सभी प्रशासनिक कार्य भी वापस लेने का अनुरोध किया है।

एक संयुक्त बयान में कहा गया है, जस्टिस यशवंत वर्मा का ट्रांसफर आदेश को वापस न लेने की स्थिति में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इलाहाबाद में मिलेंगे और इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के साथ एकजुटता दिखाएंगे।

## मानवाधिकार पर बनी लघु फिल्म दूध गंगा-वेलीज डाइंग लाइफलाइन को पहला पुरस्कार



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बुधवार को 2024 में मानवाधिकारों पर लघु फिल्मों की प्रतियोगिता में सात सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को पुरस्कृत किया। इंजीनियर अब्दुल रशीद भट की फिल्म दूध गंगा-वेलीज डाइंग लाइफलाइन को पहला पुरस्कार मिला है।

एनएचआरसी को देश भर से कुल 303 प्रविष्टियां प्राप्त हुई

यह फिल्म इस बात पर चिंता जताती है कि कैसे दूध गंगा नदी में विभिन्न अपशिष्टों के प्रवाहित होने से यह प्रदूषित हुई और घाटी के लोगों की भलाई के लिए इसके जीर्णोद्धार की आवश्यकता है। यह फिल्म अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू में हैं तथा फिल्म के सारे शीर्षक अंग्रेजी में हैं। एनएचआरसी को देश भर से कुल 303 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं।

दूसरा पुरस्कार आंध्र प्रदेश के कदारप्पा राजू की फाइट फॉर राइट्स को मिला है। यह फिल्म बाल विवाह और शिक्षा के मुद्दे को उठाती है। तीसरा पुरस्कार आर रविचंद्रन द्वारा बनाई गई गॉड को मिला है। इस मूक फिल्म में एक बूढ़े नायक के माध्यम से पेयजल का मूल्य बताया गया है।

## तेलंगाना में भरभराकर गिरी 6 मंजिला इमारत, एक की मौत; बचाव अभियान जारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। बुधवार को भद्राद्री कोठागुडेम जिले के भद्राचलम इलाके में छह मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढहने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य के मलबे में फंसे होने की आशंका है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रांत कुमार सिंह ने एएनआई को बताया, दोपहर करीब 2:30 बजे, एक छह मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई, जिसमें दो लोग फंस गए।

रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी कई टीम- उन्होंने कहा, हमने तुरंत अपने स्थानीय पुलिस और स्थानीय प्रशासन को भेजा, जिसमें कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, आरडीओ और अग्निशमन विभाग जैसे अन्य स्थानीय प्रशासन शामिल थे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा, हालात को देखते ही हमने तुरंत एनडीआरएफ को सूचित किया और विजयवाड़ा से तुरंत रवाना हो गए। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, हमने पुष्टि की है कि दो लोग मलबे में फंसे हुए हैं।

उन्होंने कहा, हमने बचाव कार्य शुरू किया और लगातार बचाव कार्य के बाद करीब 2:30 बजे एक व्यक्ति को बचाया गया, जिसकी अस्पताल में दुखद मौत हो गई। अभी तक बचाव कार्य जारी है। एक व्यक्ति अभी भी फंसा हुआ है। एएसपी ने बताया कि एनडीआरएफ टीम, सिंगरेनी टीम, अग्निशमन विभाग, स्थानीय पुलिस और अन्य प्रशासनिक विभाग बचाव कार्य में जुटे हुए हैं और वे व्यक्ति को जीवित बाहर निकालने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# योगी आदित्यनाथ कर रहे ब्लैक कॉमेडी, हमें बख्श दें; यूपी सीएम पर स्टालिन का पलटवार



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने परिसीमन और तीन-भाषा नीति विवाद पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की हालिया टिप्पणियों पर तीखी आलोचना की है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें करारा जवाब दिया है।

तमिलनाडु सीएम स्टालिन ने कहा, तमिलनाडु की दो भाषा नीति और निष्पक्ष परिसीमन पर दृढ़ आवाज पूरे देश में गूंज रही है। इससे भाजपा स्पष्ट रूप से घबरा गई है। सीएम स्टालिन ने कहा, अब उनके नेताओं के इंटरव्यू देखें। सीएम योगी आदित्यनाथ हमें नफरत पर लेक्चर देना चाहते हैं? हमें बख्श दें।

तीखी प्रतिक्रिया देते हुए स्टालिन ने सीएम योगी की भाषा विवाद और परिसीमन पर की गई टिप्पणियों को राजनीतिक ब्लैक कॉमेडी कहा।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने आगे कहा - राज्य किसी विशेष भाषा का नहीं, बल्कि भाषा थोपने और अंधराष्ट्रवाद का विरोध कर रहा है, उन्होंने इस मुद्दे को गरिमा और न्याय की लड़ाई से जोड़ दिया।

सीएम योगी ने क्या कहा था- एएनआई को दिए गए साक्षात्कार में सीएम योगी ने कहा था, कि स्टालिन क्षेत्र और भाषा के आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनका वोट बैंक खतरे में है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाषा को लोगों को एकजुट करना चाहिए, न कि विभाजित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि तमिल भारत की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है, जिसका इतिहास और विरासत समृद्ध है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी भाषा विभाजित करने का काम नहीं करती, यह एकजुट करने का काम करती है। आदित्यनाथ ने एक व्यापक दृष्टिकोण की वकालत की, एकता और समावेशिता के महत्व पर जोर दिया।

हमारे राष्ट्रगान से मिलता है संदेश- साथ ही आगे कहा, मेरा मानना है कि यह संदेश हमारे राष्ट्रगान से भी मिलता है।

## तमिलनाडु विधानसभा में वक्फ संशोधन बिल 2024 के खिलाफ प्रस्ताव पेश, सीएम एमके स्टालिन ने क्या जताई चिंता




नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ संशोधन बिल 2024 के खिलाफ राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया। स्टालिन का कहना है कि यह बिल मुसलमानों के अधिकारों को नष्ट कर देगा।

उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह राज्य के अधिकारों, संस्कृति और परंपराओं के खिलाफ योजनाएं लागू कर रही है और विशेष रूप से मुसलमानों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है।

केंद्रीय सरकार पर आरोप- स्टालिन ने कहा कि केंद्रीय सरकार वक्फ संशोधन बिल में बदलाव करने की कोशिश कर रही है, जो वक्फ बोर्ड की शक्तियों को कम कर देगा। संशोधन के मुताबिक, वक्फ बोर्ड में दो गैर-मुसलमानों को शामिल किया जाएगा, जिससे मुसलमानों का मानना है कि यह एक तरीका हो सकता है सरकार के लिए वक्फ संपत्तियों को हड़पने का। उन्होंने इसे धर्म की स्वतंत्रता पर हमला और मुस्लिम भावनाओं का अपमान बताया।

राज्य सरकार का विरोध और प्रस्ताव- एमके स्टालिन ने यह भी कहा कि छत्रख पार्टी और कई अन्य दलों ने इस संशोधन बिल का विरोध किया है। उन्होंने विधानसभा में यह प्रस्ताव रखा कि केंद्र सरकार को वक्फ संशोधन बिल 2024 को वापस लेना चाहिए। प्रस्ताव में यह कहा गया कि यह बिल अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय को गंभीर नुकसान पहुंचाएगा और इसे वापस लिया जाना चाहिए।

वक्फ एक्ट और प्रस्तावित संशोधन- वक्फ एक्ट 1995, जो वक्फ संपत्तियों को नियंत्रित करता है, पर लंबे समय से भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसी समस्याओं के आरोप लगते रहे हैं। 2024 में प्रस्तावित वक्फ संशोधन बिल का उद्देश्य डिजिटलीकरण, बेहतर ऑडिट, पारदर्शिता और अवैध रूप से कब्जे की गई संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने के लिए कानूनी उपायों को लागू करना है। इस बिल की समीक्षा के लिए सरकार ने एक संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया है।

# दिल्ली में अभी से अप्रैल जैसी गर्मी, पारा 40 के पार; यूपी-बिहार से लेकर राजस्थान तक लू का खतरा



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के कई राज्यों में कल तेज गर्मी रही, मौसम विभाग के अनुसार आज दिल्ली में गर्मी और परेशान कर सकती है। दिल्ली का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। अन्य राज्यों में भी मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है, मौसम विभाग ने मौसम को लेकर अपडेट जारी किया है।

वहीं आज दिल्ली में हवा भी चल सकती है, जिससे तापमान में एक डिग्री की गिरावट आएगी। 30 मार्च से एक अप्रैल के बीच अधिकतम तापमान 35 से 38 और न्यूनतम तापमान 15 से 19 डिग्री तक रह सकता है। दिल्ली के पीतमपुरा और रिज में तो कल तापमान 40 डिग्री को पार कर गया।

इसके अलावा यूपी, बिहार, राजस्थान और मध्य भारत में भी आने वाले दिनों में तेज गर्म हवाएं चलने के आसार हैं। जिससे लू का खतरा बढ़ने की संभावना है। वहीं पहाड़ी राज्यों में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। एक नए पश्चिमी विक्षोभ से इन राज्यों के मौसम में बदलाव नजर आएगा। यहां पर बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

महाराष्ट्र में तेज गर्मी पड़ेगी, इसके कई राज्यों में भीषण गर्मी का अलर्ट है। महाराष्ट्र के अकोला जिले में भयंकर गर्मी पड़ना का अलर्ट है।

पंजाब और हरियाणा में आज तेज हवाएं चलने के आसार हैं।

दक्षिण भारत में भीषण गर्मी का दौर जारी है, खासकर तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में तापमान 39-40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

चेन्नई और बेंगलुरु में भी तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है, जिससे लोगों को तेज धूप और उमस का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में कुछ इलाकों में लू चल सकती है, जिससे सावधानी बरतने की जरूरत है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण चतुर्थदशी

## संपादकीय

# पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आई.एस.आई जिस प्रकार एक के बाद एक नशे की खेपे भारतीय सीमा में भेज रही है ....



पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आई.एस.आई जिस प्रकार एक के बाद एक नशे की खेपे भारतीय सीमा में भेज रही है ,उससे लगता है कि वह भारतीय पंजाब की युवा पीढ़ी को नशेड़ी बनाने में लगी हुई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में जिस प्रकार ड्रोन उड़ाने भर रहे हैं यह भारतीय सुरक्षा बलों के लिए भी बड़ी चिंता का विषय है। अमृतसर, फिरोजपुर और फाजिल्का के सरहदी क्षेत्रों में सीमा सुरक्षा बलों को पंजाब पुलिस के साथ मिलकर तलाशी अभियान के दौरान बड़ी सफलताएं मिल रही है। आए दिन इन क्षेत्रों में हेरोइन की बड़ी खेपें बरामद हो रही है, यह बरामदगी किसी से छुपी नहीं है।

पंजाब में पिछले 15 वर्षों से नशा एक बड़ी समस्या बना हुआ है, जिसे दूर करने के लिए सही योजना पर काम करने की जरूरत है। पंजाब में पुरुष ही नहीं बल्कि बड़े पैमाने पर महिलाएं भी नशा कर रही है। 35 से 40 हज़ार के लगभग पंजाबी सिंथेटिक ड्रग्स ले रहे हैं। 30 लाख के लगभग पंजाबी लोग विभिन्न प्रकार के नशों का शिकार है। 20 लाख लोग शराब का सेवन करते हैं ,देखने में आया है कि पंजाब में मेडिकल नशा भी बड़े स्तर पर पैर पसार रहा है, इसके अतिरिक्त इंजेक्शन से भी काफी ज्यादा ड्रग लिया जा रहा है।

केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि हेरोइन तस्करी में असली शैतान पाकिस्तान ही है, भारत हर वक्त यह कहता आया है कि पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी पाकिस्तानी तस्करों को हेरोइन की खेपें भारत में भेजने के लिए पूरा समर्थन देती है। सूत्रों से पता चला है कि अफगानिस्तान में बड़े स्तर पर अफीम की खेती होती है ,अफीम की खड़ी फसल को पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आई. एस. आई खरीद लेती है और पाकिस्तान ले आती है ,क्योंकि अफगानिस्तान में कोई ऐसी फैक्ट्री नहीं है जो अफीम को हेरोइन में बदल सके।

सूत्रों से पता चला है कि पाकिस्तान में कई छोटे बड़े कारखाने मौजूद हैं ,जहां अफीम को परिष्कृत कर उसे हेरोइन में बदला जाता है, यह सारा काम पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आई.एस.आई की देखरेख में किया जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अफगानी तालिबानों के पास इतनी महारत नहीं है कि वह अफीम को परिष्कृत करके उसे हेरोइन में तब्दील कर सके।

तालिबान को तो अफीम की खेती और तस्करी के लिए जिम्मेवार ठहराया जा सकता है लेकिन हेरोइन बनाना उनके बस की बात नहीं है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अफ़ग़ानिस्तान में अफीम की कुल पैदावार का 50 प्रतिशत पाकिस्तान खरीदता है। अफीम को हेरोइन में बदलने के लिए एसटिक एनहाइड्राइड का प्रयोग किया जाता है। जो प्रायः भारत से स्मगल होकर पाकिस्तान जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भारत-पाक सीमा पर बसे बड़े-बड़े फॉर्म हाउसों में यह ड्रोन लैंड करते हैं या फिर ड्रोनों द्वारा नशे के पैकेट फेंककर उन्हें अपनी भाषा में सूचित कर दिया जाता है। जहां से मजदूर लोग जो कोरियर का काम करते हैं, उन्हें सुरक्षित जगह पर पहुंचाते हैं।

15 वर्ष पहले सीमा से सटे गांवों के किसान आम किसान होते थे ,लेकिन अब यह लोग नशे के धंधे में लगकर करोड़पति बन गए हैं और उनका रहन-सहन भी बदल गया है। अब पुलिस की कार्रवाई से यह लोग भयभीत दिखाई दे रहे हैं। हेरोइन से भरे उड़ने वाले ड्रोनों के पीछे बड़े गिरोहों का हाथ लगता है जिसको प्रत्यक्ष या फिर अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसी का मूक समर्थन प्राप्त होता है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी सारे पंजाबियों को नशेड़ी बनाने में तुली हुई है, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था जिस प्रकार पतन की तरफ जा रही है उसको भरने के लिए ड्रग्स तस्करी पर पाकिस्तानी फौज की निर्भरता बढ़ती जा रही है। इन लोगों ने लालच देकर कई महिलाओं को भी ड्रग्स की तस्करी में लगा लिया है। महिलाएं भी बड़े पैमाने पर हेरोइन का सेवन कर रही है। पंजाब में 100 शीर्ष ड्रग माफिया सरगनाओं की पहचान कर ली गई है। जिन पर किसी भी समय पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा सकती है।

# गुरु अंगद देव



गुरु अंगद देव सिक्खों के दूसरे गुरु थे। वे गुरु नानक के बाद सिक्खों के दूसरे गुरु थे। इस पद पर वे 7 सितम्बर, 1539 से 28 मार्च, 1552 तक रहे। गुरु अंगद देव महाराज जी का सृजनात्मक व्यक्तित्व था। उनमें ऐसी अध्यात्मिक क्रियाशीलता थी, जिससे पहले वे एक सच्चे सिख और फिर एक महान् गुरु बनें। गुरु अंगद देव %लहिणा जी% भी कहलाते हैं। ये पंजाबी लिपि गुरुमुखी के जन्मदाता हैं, जिसमें सिक्खों की पवित्र पुस्तक आदिग्रंथ के कई हिस्से लिखे गए। ईश्वरीय गुणों से भरपूर महान् और प्रभावशाली व्यक्तित्व के स्वामी थे गुरु अंगद देव। इनके विषय में सहार नामक एक विद्वान् ने लिखा है -

अमिअ द्रिसटि सुभ करै, हरै अध पाप सकल मल।।

काम क्रोध अरू लोभ मोह, वसि करै सभै बलि।।

सदा सुखु मनि वसै, दुखु संसारह खौवै।।

गुरु नव निधि दरीआउ, जनम हम कालख धौवे।।

सु कहु टल गुरु सेवीअै, अहिनिसि सहजि सुभाए।।

दरसनि परसिअै गुरु कै, जनम मरण दुखु जाए।।

अर्थात् गुरु देव जिस मनुष्य के ऊपर अमृतमयी दृष्टि डालते उसके सब पाप और विकार दूर हो जाते। गुरु अंगद देव के हृदय में में हमेशा सुख ही बसता था। वह जन्म जन्मान्तरों की कालिख धो देते थे।

जीवन परिचय

गुरु अंगद साहिब जी का जन्म हरीके नामक गांव में, जो कि फिरोजपुर, पंजाब में आता है, वैसाख वदी 1, (पंचम् वैसाख) सम्वत 1561 (31 मार्च, सन् 1504) को हुआ था। गुरुजी एक व्यापारी श्री फेरू जी के पुत्र थे। उनकी माता जी का नाम माता रामो जी था। बाबा नारायण दास त्रेहन उनके दादा जी थे, जिनका पैतृक निवास मत्ते-दी-सराय, जो मुख्तसर के समीप है, में था। फेरू जी बाद में इसी स्थान पर आकर निवास करने लगे।

## विवाह

गुरु अंगद साहिब जी की शादी खडूर निवासी श्री देवी चंद क्षत्री की सपुत्री खीवी जी के साथ 16 मघर संवत 1576 में हुई। खीवी जी की कोख से दो साहिबजादे दासू जी व दातू जी और दो सुपुत्रियाँ अमरो जी व अनोखी जी ने जन्म लिया।

## गुरु दर्शन

भाई जोधा सिंह खडूर निवासी से लहिणा जी को गुरु दर्शन की प्रेरणा मिली। जब आप संगत के साथ करतारपुर के पास से गुजरने लगे तब आप दर्शन करने के लिए गुरु जी के डेरे में आ गए। गुरु जी के पूछने पर आप ने बताया, मैं खडूर संगत के साथ मिलकर वैष्णो देवी के दर्शन करने जा रहा हूँ। आपकी महिमा सुनकर दर्शन करने की इच्छा पैदा हुई। कृपा करके आप मुझे उपदेश दो जिससे मेरा जीवन सफल हो जाये। गुरु जी ने कहा, भाई लहिणा तुझे प्रभु ने वरदान दिया है, तुमने लेना है और हमने देना है। अकाल पुरख की भक्ति किया करो। यह देवी देवते सब उसके ही बनाये हुए हैं।

लहिणा जी ने अपने साथियों से कहा आप देवी के दर्शन कर आओ, मुझे मोक्ष देने वाले पूर्ण पुरुष मिल गए हैं। गुरु अंगद साहिब कुछ समय गुरु जी की वहीं सेवा करते रहे और नाम दान का उपदेश लेकर वापिस खडूर अपनी दुकान पर आ गये परन्तु इनका ध्यान सदा करतारपुर गुरु जी के चरणों में ही रहता। कुछ दिनों के बाद ये अपनी दुकान से नमक की गठरी हाथ में उठाये करतारपुर आ गए। उस समय गुरु जी धान में से नदीन निकलवा रहे थे। गुरु जी ने नदीन की गठरी को गाये भैंसों के लिए घर ले जाने के लिए कहा। लहिणा जी ने शीघ्रता से भीगी गठड़ी को सिर पर उठा लिया और घर ले आये। गुरु जी के घर आने पर माता सुलखणी जी गुरु जी को कहने लगी जिस सिख को आपने पानी से भीगी गठड़ी के साथ भेजा था उसके सारे कपड़े कीचड़ से भीग गए हैं। आपने उससे यह गठड़ी नहीं उठवानी थी।

गुरु जी ने हँस कर कहा, यह कीचड़ नहीं जिससे उसके कपड़े भीगे हैं, बल्कि केसर है। यह गठड़ी को और कोई नहीं उठा सकता था। अतः उसने उठा ली है। श्री लहिणा जी गुरु जी की सेवा में हमेशा हाजिर रहते व अपना धयान गुरु जी के चरणों में ही लगाये रखते।

## गुरु नानक के उत्तराधिकारी

गुरु नानक देव ने अपने दोनों पुत्रों को छोड़कर उन्हें अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया था। उनकी वाणी में जीवों पर दया, अहंकार का त्याग, मनुष्य मात्र से प्रेम, रोटी की चिन्ता छोड़कर परमात्मा की सुध लेने की बात कही गयी है। गुरु अंगद देव गुरु नानक देव की उन सात परीक्षाओं में सफल रहे थे, जिनमें गुरु नानक के पुत्र और अन्य दावेदार नाकाम हो गए थे। गुरु नानक देव ने उनकी पहली परीक्षा कीचड़ के ढेर से लथपथ घास फूस की गठरी अपने सिर पर रखवा कर ली। दूसरी परीक्षा उनकी तब हुई जब गुरु नानक देव ने उन्हें धर्मशाला से उठाकर मरी हुई चुहिया बाहर फेंकने को कहा। उस समय यह काम शूद्रों का माना जाता था। तीसरी परीक्षा उनकी तब हुई जब मैले के ठेर में से कटोरा निकालने को कहा। उनके दोनों पुत्र इस कार्य को करने के लिए तैयार नहीं हुए।

इसी तरह गुरु नानक ने लहणा को सर्दी के मौसम में मध्य रात्रि को धर्मशाला की टूटी दीवार बनाने की हुक्म दिया तो वह तत्काल तैयार हो गये। ठण्डे मौसम, रिमझिम बरसात और तेज हवा के बावजूद उन्होंने रात को ही दीवार खड़ी कर दी। उसी प्रकार गुरु नानक देव ने एक बार उन्हें रात्रि को कपड़े धोने का हुक्म दिया तो भी भाई लहणा सहर्ष ऐसा करने को तैयार हो गये। सर्दी के मौसम में रावी नदी के किनारे जा कर उन्होंने आधी रात को ही कपड़े धो डाले।

एक बार गुरु जी ने उनसे पूछा कि कितनी रात बीत चुकी है, तो भाई लहणा ने उत्तर दिया- परमेश्वर की जितनी रात व्यतीत होनी थी हो गयी और और जितनी बाकी रहनी चाहिये उतनी ही बची है। इस उत्तर को सुन कर गुरु नानक देव समझ गये कि उनकी अध्यात्मिक अवस्था चरम सीमा पर पहुँच चुकी है। इसी तरह एक बार गुरु जी उन्हें लेकर शमशान पर गये। वहां एक कपड़े में लिपटा हुआ मुर्दा पड़ा हुआ था। गुरु नानक जी ने भाई लहणा से कहा कि तुम्हें उसे खाना है तो भाई लहणा सहर्ष तैयार हो गये। गुरु नानक देव ने उन्हे अपने गले से लगा कर कहा- अब तेरे और मेरे में कोई अन्तर नहीं रहा। आज से तुम अंग हुए मेरे अंगद। तभी से उनका नाम अंगद देव हो गया जो सिख पंथ के दूसरे गुरु कहलाये।

## साखियाँ

गुरु अंगद देव जी की साखियाँ निम्नलिखित हैं-

जुलाही को आरोग्य करना
अंतर्यामी श्री गुरु अंगद साहिब जी
खडूर का मिरगी रोग वाला शराबी
हरीके गाँव का अहंकारी चौधरी
एक तपस्वी योगी की ईर्ष्या
हुमायूँ बादशाह का अहंकार दूर करना
सिख पंथ की गद्दी

लगभग 7 वर्ष तक वह गुरु नानक देव के साथ रहे और उनके बाद उन्होंने सिख पंथ की गद्दी सभाली। वे इस गद्दी पर सितम्बर 1539 से मार्च 1552 तक आसीन रहे। उन्होंने खडूर साहिब को धर्म प्रचार का केन्द्र बनाया, नानक देव की वाणी की लेखन किया। जाति-पाति के भेद से हट कर लंगर प्रथा चलाई, मल्लों के अखाड़े खोले, हुमायूँ का अहंकार तोड़ा, पंजाबी भाषा का प्रचार शुरू किया, गुरुमुखी की स्वतन्त्र लिपि दी, गुरु नानक देव की जीवनी लिखी और बाबा अमर दास को गद्दी दे कर अपने सांसारिक उत्तरदायित्वों से मुक्त हो गये। बाद में बाबा अमर दास ने गुरु अंगद देव की वाणी को भी ग्रंथ साहब के लिए लिपिबद्ध किया।

## संक्षिप्त परिचय

सिक्खों के दूसरे गुरु थे जो लहिणा जी (लहना) भी कहलाते हैं।

गुरु अंगद देव का जन्म हरीके नामक गांव (पंजाब) में वैसाख वदी 1, सम्वत 1561 (31 मार्च, सन् 1504) को हुआ था।

एक हिन्दू देवी के मन्दिर की तीर्थयात्रा के दौरान अंगद की भेंट सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरु नानक से हुई और उन्होंने उनका शिष्य बनने का फैसला किया।

# गौतम अदाणी बने इंडिया के दूसरे सबसे अमीर आदमी



नई दिल्ली (एजेंसी)। हुरुन ग्लोबल रिच ने हाल ही में दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची जारी की है। रिलायंस के सीईओ मुकेश अंबानी की कमाई में 13 फीसदी की गिरावट आई है। जिसके कारण वे अब दुनिया के 10 अमीर लोगों की लिस्ट से बाहर हो गए हैं।

इसके साथ ही गौतम अदाणी, मुकेश अंबानी को टक्कर देते हुए दिख रहे हैं। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के मुताबिक टेस्ला के सीईओ एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन चुके हैं। इस लिस्ट के मुताबिक उनकी संपत्ति में 82 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। एलन मस्क की आय 420 बिलियन डॉलर हो चुकी है।

हुरुन ग्लोबल रिच की लिस्ट क मुताबिक अंबानी की एक साल की कमाई में 13 फीसदी की गिरावट आई है। जिसकी वजह से वे दुनिया की सबसे 10 अमीर लोगों की लिस्ट से हट चुके हैं। हालांकि वे अभी भी भारत के सबसे अमीर आदमी की लिस्ट में टॉप पर है।

उन्हें गौतम अदाणी टक्कर देते हुए दिख रहे हैं। उनकी सालभर की कमाई में 13 फीसदी का उछाल आया है। जिसका अर्थ हुआ कि गौतम अदाणी की कमाई में 1 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि आई है। अदाणी ने आज अपने बिजनेस में काफी वृद्धि की है। वे आज बिजली उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा, मीडिया, हवाई अड्डों, खनन और सीमेंट के कारोबार में बढ़ चढ़कर योगदान दे रहे हैं।

इसके साथ ही मुकेश अंबानी की कमाई एक साल में 8.6 लाख करोड़ रुपये हुई है। वहीं गौतम अदाणी की कमाई 8.4 लाख करोड़ रुपये है। इनकी कमाई में बस 0.2 लाख करोड़ रुपये का अंतर देखा जा रहा है।

हुरुन की लिस्ट में ये भी देखा गया है कि अजीम प्रेमजी का पुर्नमूल्यांकन हुआ है। अजीम प्रेमजी विप्रों के सीईओ है। इसके साथ ही एक महिला बिजनेस व्यूमैन को भी शामिल किया गया है। जिनका नाम रोशनी नाडर है रोशनी नाडर एचसीएल की सीईओ है। इनकी कुल आय 3.5 लाख करोड़ रुपये है।

## रक्षा मंत्रालय ने ड्रोन बनाने वाली कंपनी को दिया बड़ा काम, शेयर पर टूट पड़े निवेशक



नई दिल्ली (एजेंसी)। ड्रोन बनाने वाली कंपनी- जेन टेक्नोलॉजीज को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय से बड़ा ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर 152 करोड़ का है। कंपनी को मिला यह ऑर्डर मंत्रालय को रु70 गन के लिए एकीकृत एयर डिफेंस कॉम्बैट सिम्युलेटर की आपूर्ति के लिए है। इसे 18 महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है। इस खबर के बीच जेन टेक्नोलॉजीज के शेयर में तूफानी तेज आ गई। सप्ताह के चौथे दिन गुरुवार को यह शेयर करीब 3 फीसदी चढ़कर 1481.70 रुपये के स्तर तक जा पहुंचा। मोतीलाल ओसवाल, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और नुवामा जैसी ब्रोकरेज फर्मों ने शेयर पर खरीदें रेटिंग दी है, जिसका टारगेट 2200 से 2535 प्रति शेयर है। ड्रोन कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 40 करोड़ का प्रॉफिट दर्ज किया जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में 30.58 करोड़ का लाभ हुआ था। राजस्व 53त्न बढ़कर 152 करोड़ हो गया। तिमाही में एबिटा 42त्न बढ़कर 66 करोड़ हो गया, जबकि इस तिमाही में EBITDA मार्जिन घटकर 38.01त्न रह गया। 31 दिसंबर, 2024 तक कंपनी की कुल ऑर्डर बुक 816.91 करोड़ थी।

रक्षा मंत्रालय ताबड़तोड़ दे रहा ऑर्डर- बीते कुछ समय से रक्षा मंत्रालय अलग-अलग कंपनियों को ताबड़तोड़ ऑर्डर दे रहा है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने लगाया 25 प्रतिशत ऑटो टैरिफ, किन-किन इंडियन कंपनियों के शेयर पर दिखेगा




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑटो सेक्टर में टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ये 25 फीसदी टैरिफ 2 अप्रैल से लागू किया जाएगा। ट्रंप ने ओवल ऑफिस के एक कार्यक्रम के दौरान ये घोषणा की है कि अमेरिका में इंपोर्ट या निर्यात होने वाली विदेशी कारों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा।

इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने ये भी कहा है कि उनका ये फैसला स्थिर है और इसे अब बदला नहीं जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप के इस फैसले का असर ऑटो सेक्टर की दिग्गज कंपनियों पर देखने को मिला है। वहीं कई दिग्गज ऑटो कंपनियों के शेयर में गिरावट आई है।

ऑटो सेक्टर में हुई भारी बिकवाली

शेयर बाजार की आज लाल निशान पर शुरुआत हुई थी। लेकिन धीरे-धीरे शेयर बाजार में रिकवरी होने लगी। अभी स्टॉक मार्केट के मुख्य इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी हरे निशान पर ट्रेड कर रहे हैं। अभी लिखते समय एनएसई निफ्टी में ऑटो सेक्टर के शेयर 0.70 फीसदी गिर चुके हैं।

इसके साथ फार्मा सेक्टर में भी भारी बिकवाली हो रही है।

ऑटो सेक्टर की इन कंपनियों पर हुआ असर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ का असर ऑटो सेक्टर की दिग्गज कंपनियों पर देखने को मिला है। इन प्रभावित कंपनियों में टाटा मोटर, महिंद्रा और आयशर मोटर शामिल हैं।

टाटा मोटर- ट्रंप के टैरिफ ऐलान के बाद टाटा मोटर के शेयर में लगभग 4 फीसदी की बिकवाली आई है। बीएसई सेंसेक्स में टाटा मोटर के एक शेयर की कीमत 673.50 रुपये है। वहीं एनएसई निफ्टी में टाटा मोटर के शेयरों में 4.92 फीसदी की गिरावट आई है। अभी एनएसई निफ्टी में टाटा मोटर के एक शेयर की कीमत 673.40 रुपये हैं।

महिंद्रा- महिंद्रा कंपनी पर भी टैरिफ के ऐलान का असर देखने को मिला है। बीएसई सेंसेक्स में महिंद्रा के शेयर 0.44 फीसदी गिरे हैं। वहीं अभी इसके एक शेयर की कीमत 2732.90 रुपये हैं।

## अडानी ने किया इस कंपनी का अधिग्रहण, शेयर खरीदने की मची लूट, 881 के पार भाव




नई दिल्ली (एजेंसी)। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर आज गुरुवार को 9त्र से अधिक चढ़ गए। कंपनी के शेयर 881.40 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी डील है। दरअसल, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस ने परियोजना के लिए स्पेशल यूनिट महान ट्रांसमिशन के अधिग्रहण की गुरुवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने 26 मार्च, 2025 को महान ट्रांसमिशन लिमिटेड (एमटीएल) के 100 प्रतिशत शेयरों के अधिग्रहण के लिए आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड के साथ शेयर खरीद समझौता किया है।

सूचना के अनुसार, इन शेयरों का अधिग्रहण 10 रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर नकद में किया गया। अधिग्रहण पूरा हो चुका है और एमटीएल की कुल अधिकृत एवं चुकता शेयर पूंजी पांच लाख रुपये है। एमटीएल का गठन भारत में हुआ है। इसे 20 नवंबर, 2024 को कंपनी पंजीयक (नयी दिल्ली) के साथ पंजीकृत किया गया था। एमटीएल सिंगरौली जिले के महान में अडानी पावर की आगामी 1,600 मेगावाट की विस्तार इकाइयों से 1,230 मेगावाट बिजली को राज्य ग्रिड में जोड़ेगी।

अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस बीएसई 200 इंडेक्स का हिस्सा है। एनालिटिक्स के अनुसार, इसके शेयर एक साल में 14 प्रतिशत, दो साल में 18 प्रतिशत और तीन साल में 64 प्रतिशत गिरे हैं।

# अप्रैल 2025 से इन क्रेडिट कार्ड में होगा बड़ा बदलाव?




नई दिल्ली (एजेंसी)। 1 अप्रैल 2025 से देश के कई दिग्गज बैंक अपने क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड पॉइंट्स में बदलाव कर सकते हैं। अगर आप भी क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो इसका असर आपको देखने को मिल सकता है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एसबीआई बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एक्सिस बैंक अपने रिवॉर्ड पॉइंट्स में बदलाव कर सकता है। जिसका असर क्रेडिट कार्ड यूजर्स को देखने को मिल सकता है।

क्रेडिट कार्ड पर क्या होगा बदलाव- एसबीआई क्रेडिट कार्ड- 1 अप्रैल 2025 से देश की दिग्गज सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अपने रिवॉर्ड पॉइंट्स को रिवाइज कर सकती है। पहले एसबीआई कार्ड यूजर्स को स्विगी का इस्तेमाल करने पर 10X रिवॉर्ड पॉइंट्स मिलते थे। लेकिन अब इसे घटाकर 5X रिवॉर्ड पॉइंट्स किया जा सकता है।


वहीं एसबीआई के एयर इंडिया प्लेटिनम क्रेडिट कार्ड में अभी 100 रुपये खर्च करने पर 15 रिवॉर्ड पॉइंट्स मिलते थे। लेकिन अब इसे कम कर 5 रिवॉर्ड पॉइंट्स किया जाएगा। वहीं सिग्नेचर क्रेडिट कार्ड में 30 पॉइंट्स मिलते है। लेकिन अब इसे घटाकर 10 किया जा सकता है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक- इस बैंक द्वारा अभी क्लब विस्तारा क्रेडिट कार्ड दिया जाता है। जिसके तहत ग्राहक महाराजा पॉइंट्स का लाभ उठाते हैं। लेकिन मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब यह कार्ड 31 मार्च 2025 से बंद किए जा सकते हैं।

एक्सिस बैंक- मीडिया रिपोर्ट की माने तो, एक्सिस बैंक अभी विस्तारा क्रेडिट कार्ड ऑफर कर रहा है। इसमें बैंक जल्द बदलाव कर सकता है। ऐसा कहा जा रहा है कि 18 अप्रैल 2025 से कार्ड को रिन्यू करने के लिए एनुअल फीस नहीं लगाया जाएगा। वहीं कार्ड यूजर्स के लिए महाराजा क्लब की सदस्यता भी बंद कर दी जाएगी।

क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने कई फायदे हो सकते हैं। क्रेडिट कार्ड से हुए भुगतान का पैसा, आपके खाते से अगले महीने काटा जाता है। वहीं हर क्रेडिट कार्ड में खर्च करने की अलग-अलग लिमिट रखी गई है। इसे इस्तेमाल करने से यूजर्स को कई तरह के फायदे होते हैं।

## 9 के पावर शेयर को खरीदने की मची लूट, 650% तक चढ़ चुका है भाव, आपका है भाव?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पावर कंपनी रतनइंडिया पावर के शेयर आज गुरुवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर में आज 6% की तेजी दर्ज की गई और यह शेयर 10.31 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया था। इससे पहले बीते बुधवार को रतनइंडिया पावर का शेयर 9.67 रुपये पर बंद हुआ था। बता दें कि कंपनी में REC की 1.72 फीसदी हिस्सेदारी है और पावर पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन 4.38 फीसदी हिस्सेदारी है।

कंपनी के शेयर इस साल अब तक 25.11% गिर गए हैं। इसका एक साल का रिटर्न 24% और तीन साल का रिटर्न 77% है। पांच साल में कंपनी के शेयर 650% चढ़ गए हैं। हालांकि, साल 2009 से अब तक इसमें 75% तक की गिरावट दर्ज की गई है। 30 अक्टूबर 2009 को इस शेयर की कीमत करीबन 40 रुपये थी। रतनइंडिया पावर लिमिटेड कंपनी स्टॉक का 52-सप्ताह का उच्च स्तर 21.1 रुपये है, जबकि स्टॉक का 52 सप्ताह का निचला स्तर 8.1 रुपये है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# बुरहानपुर में नाली खोद रहे तीन मजदूरों पर गिरी जर्जर दीवार, एक की मौत




बुरहानपुर। शहर के नागझिरी क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक जर्जर मकान की दीवार अचानक गिर जाने से वहां काम कर रहे तीन मजदूर मलबे में दब गए। शोर सुन कर आसपास के लोग दौड़े और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद तीनों मजदूरों को बाहर निकाला। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान लोहारमंडी निवासी वसीम पुत्र रहीम खान के रूप में की गई है। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंचा। बुलडोजर बुला कर दीवार का मलबा साफ कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल किसी के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया गया है।नाली खोदने के दौरान हुई घटना

जानकारी के अनुसार पीपल घाट निवासी एजाज हुसैन ने पाइप लाइन डलवाने के लिए गुरुवार दोपहर एजाज पुत्र मकतूम शाह निवासी राजपुरा, वसीम पुत्र रहीम खान निवासी लोहारमंडी और आसिफ हुसैन निवासी बैरी मैदान को बुलाया था।

तीनों मजदूर पाइप लाइन डालने के पड़ोस में रहने वाले आजम कुरैशी और असलम कुरैशी के मकान के पास खुदाई कर रहे थे। इसी दौरान उनकी जर्जर दीवार मजदूरों पर गिर गई। जिसके मलबे में तीनों दब गए थे।

नगर निगम के सर्वे पर उठे सवालइस घटना के बाद नगर निगम द्वारा शहर के जर्जर भवनों के किए जाने वाले सर्वे पर सवाल खड़े हो रहे हैं।निगम प्रशासन वर्षा काल से पूर्व हर साल इस तरह के भवनों का सर्वे कर उन्हें ढहाने के नोटिस तो जारी करता है, लेकिन सख्ती से ऐसे भवनों को ढहाया नहीं जाता।

## भूकंप के झटके से हिला MP... सिंगरोली में 10 किमी नीचे था केंद्र, लोग डरे



सिंगरोली। मध्य प्रदेश में गुरुवार को सिंगरौली जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। झटके इतने हल्के थे कि कई लोगों को यह महसूस नहीं हुए, हालांकि कुछ लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर था। इस खबर को लगातार अपडेट किया जा रहा है। हम अपने सभी पाठकों को पल-पल की खबरों से अपडेट करते हैं। हम लेटेस्ट और ब्रेकिंग न्यूज को तुरंत ही आप तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रारंभिक रूप से प्राप्त जानकारी के माध्यम से हम इस समाचार को निरंतर अपडेट कर रहे हैं।

## अशोकनगर जिला अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड के एसी में धमाका, 8 बच्चों को दूसरी यूनिट में किया शिफ्ट




अशोकनगर। अशोकनगर जिला अस्पताल में गुरुवार को एसएनसीयू वार्ड के एसी में ब्लास्ट हो गया। एसी के पास से निकली ऑक्सीजन लाइन इसमें टूट गई। धमाके के बाद अफरा-तफर के बीच नर्सिंग स्टॉफ ने बच्चों को दूसरी यूनिट में शिफ्ट किया। वार्ड में 8 बच्चे भती थे।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम, तहसीलदार और सिविल सर्जन ने वार्ड का निरीक्षण किया और फिर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। जानकारी के मुताबिक डीपी पर लोड ज्यादा आने की वजह से अस्पताल का एसी फट गया था।एसडीएम बृजबिहारी श्रीवास्तव और सिविल सर्जन डॉ. डीके भार्गव के अनुसार एससी फटने का कारण इलेक्ट्रिक फाल्ट है। गर्मी के दिनों में ओवरलोडिंग की वजह से एससी में धमाका होने की आशंका जताई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार घटना की जांच कराई जा रही है। सभी बच्चे स्वस्थ हैं।

## MP की पहली आयुर्वेदिक फार्मेसी तैयार होने की ओर, पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर में शुरू होने की उम्मीद

भोपाल। कलियासोत पहाड़ी स्थित पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक अस्पताल अपनी जरूरत की दवाएं खुद बनाने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। यहां प्रदेश की पहली आधुनिक आयुर्वेदिक फार्मेसी का निर्माण कार्य जारी है, जिसे इस साल के अंत तक शुरू करने की योजना है।

यह फार्मेसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी और इसमें जड़ी-बूटियों के प्रसंस्करण, औषधियों की गुणवत्ता परीक्षण, स्वच्छ भंडारण तथा प्रत्यक्ष वितरण की सुविधा होगी। ऐसे पहुंचेगी दवा आम लोगों तक यह आयुर्वेदिक फार्मेसी अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों को प्रत्यक्ष रूप से औषधियां उपलब्ध कराएगी।इसके अलावा अस्पताल के माध्यम से प्रदेशभर के सरकारी आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रों और दवा वितरण केंद्रों में भी दवाएं भेजी जाएंगी, जिससे अधिक से अधिक मरीजों को लाभ मिल सके।

प्रचार-प्रसार की रणनीति

अस्पताल प्रशासन आयुर्वेदिक दवाओं के लाभ और उपयोगिता को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाएगा। इसमें निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सामाजिक संगठनों के सहयोग से जनसभाएं और इंटरनेट मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म्स के माध्यम से प्रचार किया जाएगा। इसके अलावा आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक कार्यशालाओं और सेमिनारों का भी आयोजन होगा।



दवाओं की कीमत और सुलभता

अस्पताल प्रशासन के अनुसार यहां बनने वाली आयुर्वेदिक दवाएं बाजार दर से काफी सस्ती होंगी। चूंकि दवाएं अस्पताल में ही बनाई जाएंगी, इसलिए मध्यस्थता शुल्क बचेगा, जिससे मरीजों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण औषधियां मिल सकेंगी।

दवा निर्माण की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों की निगरानी में उत्पादन होगा। इसके लिए विदेशी उपकरण मंगाए जाएंगे।

इनका कहना है

फार्मेसी भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके बाद उपकरणों की स्थापना और अन्य जरूरी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। हमारा लक्ष्य इस साल के अंत तक फार्मेसी शुरू करना है।

इस पहल से प्रदेश में आयुर्वेदिक चिकित्सा को नया बल मिलेगा, जिससे न केवल मरीजों को शुद्ध और प्रभावी औषधियां मिलेंगी, बल्कि आयुर्वेदिक चिकित्सा का अनुसंधान और विकास भी तेज होगा। डॉ उमेश शुक्ला, डीन, शासकीय पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक कॉलेज।

## चार महीने के बाद हुई भोपाल जिला पंचायत की बैठक, अधिकारियों से मांगा हिसाब-किताब तो नहीं दे पाए जवाब

भोपाल। जिला पंचायत भोपाल की साधारण सभा बैठक चार महीने बाद हो रही है। जिसमें जिला पंचायत सदस्य और उपाध्यक्ष ने अधिकारियों से काम का हिसाब-किताब मांगा, नहीं देने पर जमकर हंगामा किया। इससे पहले बैठक की शुरुआत होते ही सीईओ इला तिवारी ने मीडिया को हाल से बाहर जाने को कहा।

इस पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों ने आपत्ति ली। कहा कि मीडिया को यही बैठने दिया जाना चाहिए। जनता को पता तो चले कि अधिकारी पंचायत में क्या काम कर रहे हैं। मीडिया के प्रति सीईओ के इस रवैया की शिकायत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से भी की गई है।अधिकारियों को हाल से बाहर जाने को कहाइधर, उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट और सदस्य विनय मेहर ने उन अधिकारियों के बारे में जानकारी ली, जिनके जिला अधिकारी बैठक में नहीं पहुंचे थे। उन अधिकारियों को हाल से बाहर जाने को कहा गया। बैठक में अध्यक्ष रामकुंवर गुर्जर, उपाध्यक्ष जाट, सदस्य मेहर, विक्रम भालेराव, रश्मि भार्गव, बिजिया राजोरिया, चंद्रेश राजपूत, गंगाबाई मालवीय, रामकुंवर हाड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि दीपक गुर्जर, सीईओ तिवारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद हैं।

गांवों में पानी की कमी का मुद्दा उठाया

बैठक में उपाध्यक्ष जाट ने गांवों में पानी की कमी का मुद्दा उठाया।



# मंत्री श्री सिलावट ने सांवेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के कार्यों का किया शुभारंभ



इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज सांवेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का तीन स्थानों पर कार्यों का शुभारंभ किया। 3046.99 करोड़ रूपये की इस परियोजना में सांवेर विधानसभा क्षेत्र के 189 गांवों को सिंचाई के लिए खेतों में पानी मिलेगा। ग्राम कम्पेल, पिवडाय एवं पीपल्दा में कार्य शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंओर विकास के कार्य हो रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के हर एक किसान के खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने के लिये कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नर्मदा मैया मध्यप्रदेश ही नहीं राष्ट्र का गौरव है। हमारे राष्ट्र की आत्मा हमारे गाँव में बसती है। जल है तो कल है, जल है तो जीवन है। उन्होंने कहा कि यह अहिल्या माता का प्रताप है, जो उसी की बुनियाद पर नर्मदा का जल हर खेत को मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान राऊ विधायक श्री मधु वर्मा, पूर्व विधायक श्री जीतू जिराती, श्री देवराज सिंह परिहार, श्री रवि रावलिया, जनपद अध्यक्ष श्री विश्वजीत सिंह सिसोदिया, श्री वीनू चौधरी, श्री मुरली व्यास, जिला पंचायत सदस्य श्री रामेश्वर चौहान, श्री ब्रजमोहन राठी सहित अन्य उपस्थित थे।

श्री सिलावट ने बताया कि इस परियोजना से पिवडाय में 1222 हेक्टेयर, कंपेल में 2136 हेक्टेयर तथा पीपल्दा में 1100 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। आगामी दो वर्षों में इस परियोजना का कार्य पूर्ण कराया जाकर किसानों को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना से सिंचाई के लिए 226 ग्राम लाभान्वित होंगे, जिसमें इंदौर जिले की खुडे़ल तहसील के 46 गांव, कनाडिया तहसील के 26 और सांवेर तहसील के 80 ग्रामों के किसानों के खेतों में पानी पहुँचेगा और यहां के किसान लाभान्वित होंगे।

मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि सांवेर माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना की लागत राशि 3046.99 करोड़ रूपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति 05 अगस्त 2021 को शासन स्तर से प्राप्त हुई। इस परियोजना में ओंकारेश्वर जलाशय ग्राम बड़ेल के समीप से 31 क्यूमेक्स जल का उद्वहन किया जायेगा। जिसमें से 28 क्यूमेक्स जल 80,000 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचाई के प्रयोजन एवं 3 क्यूमेक्स जल उद्योग एवं पेयजल प्रयोजन हेतु उपयोग किया जायेगा।

इस परियोजना से सिंचाई के लिए 226 ग्राम लाभांवित होंगे। जिसमें इंदौर जिले अंतर्गत तहसील खुडेल के 46 ग्राम, (20145 हेक्टेयर), तहसील कनाडिया के 26 ग्राम, (9065 हेक्टेयर) एवं तहसील सांवेर के 80 ग्राम, (लगभग 35576 हेक्टेयर), क्षेत्र लाभांवित होंगे एवं खरगोन जिले अंतर्गत तहसील बडवाह के 51 ग्राम (9336 हेक्टेयर), तहसील सनावद 16 ग्राम, (3664 हेक्टेयर) क्षेत्र लाभांवित होंगे तथा उज्जैन जिले अंतर्गत तहसील उज्जैन ग्रामीण के 7 ग्राम (2214 हेक्टेयर) क्षेत्र लाभांवित होंगे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में अग्नि सुरक्षा के लिए बैठक हुई आयोजित

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज इंदौर शहर में विशेष तौर पर रहवासी इलाकों में अग्नि सुरक्षा के संदर्भ में संबंधित विभागों की बैठक ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में फ़ायर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। आठ सब फायर स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे कि पूरे शहर को कवर किया जाएगा। इसके साथ-साथ ख़ास तौर पर जी प्लस थ्री से ऊपर के जो भवन हैं और जो हॉस्पिटल, हॉस्टल, होटल, स्कूल हैं, इनके ऊपर विशेष फ़ोकस करेंगे और उसमें जो बेसिक आवश्यकता है उसे पूरा कराएंगे। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि अग्निशमन की चेकिंग के लिए एक विशेष अभियान कल से चलाया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जी प्लस थ्री से ऊपर के भवनों में आवश्यक सुरक्षा के उपाय अवश्य करें। यदि जाँच के दौरान सुरक्षा के उचित प्रबंध नहीं पाये जाते हैं तो ऐसे भवनों को सील करने की कार्रवाई भी की जायेगी। बैठक में नगर निगम, फ़ायर ब्रिगेड, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रीष्म ऋतु में लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु आवश्यक सुझाव

इंदौर। इंदौर जिले में बढ़ते तापमान को देखते हुये ग्रीष्म ऋतु में लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी जारी की गई है। लू (तापघात) से बचाव एवं उपचार हेतु जारी एडवायजरी में दिये गये सुझावों का पालन करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या ने नागरिकों से अपील की है कि लू (तापघात) के लक्षण दिखाई देते ही निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव के उपाय करें। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में लू लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना लू (तापघात) के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं।

गर्मी व लू से बचाव के लिए खूब पानी पीये व खाली पेट न रहें, गर्मी व तापघात से बचाव के लिए खूब पानी पीये व खाली पेट न रहें, शराब व चाय-कॉफी के अधिक सेवन से बचें, ठण्डे पानी से नहाएं, सर ढके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहने, बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़े, दिन में 12 से 04 के मध्य बाहर जाने से बचें, धूप में नंगे पाँव न चलें, बहुत अधिक भारी कार्य न करें।

बाहर निकलना आवश्यक हो तो छतरी व धूप के चश्मे का उपयोग करें, धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पीये, बुखार व लू लगने पर निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें। ओ.आर.एस. का घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस इत्यादि का सेवन लाभदायक होता है। इनका सभी उपायों का उपयोग कर गर्मी के प्रभाव से बचा जा सकता हैं।

# झाबुआ में 1932 जोड़ो को आशीर्वाद देंगे मुख्यमंत्री

इंदौर। इंदौर संभाग के झाबुआ जिले में 27 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव 1932 जोड़ों को सुखद वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद देंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नव विवाहित युगल को आशीर्वाद प्रदान कर प्रतीकात्मक रूप से मुख्यमंत्री कन्यादान योजनान्तर्गत 49 हजार रूपये के कन्यादान राशि के चैक भेंट करेंगे।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, कुपोषण मुक्त झाबुआ के तहत मोटी आई कैम्पैन, मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन गलसन माला, गुड्डा गुड्डी, तीर कमान, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अंतर्गत जिले में उत्पादित टमाटर एवं टमाटर से बने उत्पाद जैसे सुखा टमाटर/टमाटर पाउडर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, श्री अन्न फसल एवं जैविक उत्पाद, नगर पालिका परिषद झाबुआ वेस्ट टु वेल्थ (200 लीटर ड्रम एवं टायर से ट्रेक्टर, 2.5 लीटर पानी की बोतल से गमले, 15 लीटर तेल के डब्बे एवं बोतल से डस्टबिन तैयार किये गए हैं।

कलेक्टर झाबुआ श्रीमती नेहा मीना ने आज कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व अनुसार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ समयावधि में कार्य करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में अग्नि सुरक्षा के लिए बैठक हुई आयोजित

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज इंदौर शहर में विशेष तौर पर रहवासी इलाकों में अग्नि सुरक्षा के संदर्भ में संबंधित विभागों की बैठक ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में फ़ायर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। आठ सब फायर स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे कि पूरे शहर को कवर किया जाएगा। इसके साथ-साथ ख़ास तौर पर जी प्लस थ्री से ऊपर के जो भवन हैं और जो हॉस्पिटल, बहुमंजिला रहवासी भवन, मॉल एवं कमर्शियल भवन, सिनेमा भवन, हॉस्टल, होटल, स्कूल हैं, इनके ऊपर विशेष फ़ोकस करेंगे और उसमें जो बेसिक आवश्यकता है उसे पूरा कराएंगे। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि अग्निशमन की चेकिंग के लिए एक विशेष अभियान कल से चलाया जाएगा। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, डीआईजी श्री अमित सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम श्री रोहित सिसोनिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि इंदौर में नेमावर रोड, सुपर कॉरिडोर, विजय नगर, स्टार चौराहा, धार रोड आदि स्थानों पर सब फायर स्टेशन स्थापित किये जाएंगे। इन सब स्टेशनों में नये फायर वाहन एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये जाएंगे।

फायर रोबोट, ड्रोन कैमरे एवं फायरकर्मी को फायर सुरक्षा किट प्रदाय किये जा रहे हैं। बताया गया कि आधुनिक फायर वाहनों एवं संसाधनों के क्रय हेतु शासन से आवश्यक बजट आवंटन हेतु मांग की गई है। फायर रिस्पॉन्स टाईम कम करने हेतु विशेष योजना बनाई जा रही है।

# भीषण गर्मी में लू (तापघात) से बचाव हेतु जन समुदाय के लिये की जायें आवश्यक व्यवस्थाएंः- संभागायुक्त



इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में जन समुदाय को लू के प्रकोप के बचाव हेतु संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने ग्रीष्म ऋतु में लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु जिला आपदा प्रबंधन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रीष्म ऋतु के आगामी महीनों में तापमान औसत से अधिक रहने की संभावना है। इस कारण संभाग के अधिकांश भागों में लू (तापघात) की स्थिति हो सकती है। इसके लिए अभी से कार्ययोजना बनाकर तैयारी करें। सभी कार्य समय सीमा में पारदर्शिता, ईमानदारी और गुणवत्ता के साथ मानवीय संवेदना के साथ पूरा करें।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा है कि संभाग के प्रत्येक जिलों में प्याऊ बनाये जाये। विशेषकर जिला अस्पताल, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, मुख्य बाजार और चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था की जाये। यह कार्य शीघ्र किया जाये। सभी शासकीय स्कूलों, कॉलेजों, छात्रावास, अस्पताल तथा पंचायत आदि स्थानों पर पेयजल के साथ गर्मी से बचाव हेतु छायादार स्थानों की व्यवस्था की जाये। पानी के स्त्रोंतों को पुनर्जीवित किया जाये। विशेषकर हैंडपंपों का संधारण किया जाये। भीषण गर्मी का प्रभाव मनुष्यों पर ही नहीं अपितु पशु-पक्षियों पर भी पड़ता है, इसलिये उनके लिये भी उचित प्रबंधन किया जाये। उनके लिये पर्याप्त बैठने, छाया सहित पीने के लिए पानी की व्यवस्था की जाये। गौशालाओं पर भी ध्यान दिया जाये। गर्मी के मौसम में कृषक वर्ग नरवाई नहीं जलायें।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी में लू से बचाव हेतु हमें होमगार्ड्स, सिविल डिफेंस आदि के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जाना चाहिये ताकि आपात स्थिति में उनका सहयोग मिल सकें।

श्री सिंह ने कहा कि सभी जनजाति वर्ग के बच्चों के शेष रहे कार्यों में आधार कार्ड, समग्र आईडी आदि बनाने की गति में तेजी लाये। श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही संबल योजना में लापरवाही बरतने पर संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि इस तरह की अनुशासनहीनता पर श्रम अधिकारी के साथ-साथ जनपद अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने समयसीमा के प्रकरणों की सीएम हेल्पलाइन और उपार्जन पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में जिन प्रकरणों का निपटारा नहीं हो सका उन्हें त्वरित गति से पूरा करें। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति में गति लाये जाये।

बैठक में अपर आयुक्त श्री तरूण भटनागर, संयुक्त आयुक्त श्री डी.एस. राणादा, उपायुक्त श्रीमती शैली कनास, सहायक आयुक्त लिटिगेशन श्रीमती रेखा सचदेवा, उच्च शिक्षा विभाग की अतिरिक्त संचालक श्रीमती किरण सलूजा, उपायुक्त आदिवासी विकास श्री ब्रजेश पांडे, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता श्री सी.एस. खरत, जेडीए श्री आलोक मीणा, स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक श्री अरविंद सिंह, सहकारिता विभाग के उपायुक्त श्री के.के. जमरे, स्वास्थ्य विभाग के संभागीय संचालक डॉ. जोसेफ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी अपने सुझाव दिये।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# मुख्य सचिव श्री जैन ने मां शिप्रा को स्वच्छ,अविरल और प्रवाहमान बनाने के लिए परियोजनाओं का निरीक्षण किया



उज्जैन । मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन अनुराग जैन ने उज्जैन प्रवास के दौरान मां शिप्रा को स्वच्छ,अविरल और प्रवाहमान बनाने के लिए निर्माणरत सिलारखेड़ी डेम की सिलारखेड़ी साइट और कान्ह क्लोज़ डक्ट परियोजना के छायन में सेगमेंट बिछाने के कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त संजय गुप्ता एवं कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने निर्माण कार्यों की जानकारी श्री जैन को विस्तृत रूप से प्रदान की। मुख्य सचिव श्री जैन ने सभी कार्यों के टेक्निकल बारीकियों एवं कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयति सिंह, अपर कलेक्टर महेंद्र सिंह कवचे, एडीएम प्रथम कौशिक, जल संसाधन विभाग के अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री छत्रेश्वरी चामुंडा माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि एवं विक्रम नववर्ष 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनेगा

## नवमी पर पूर्णाहुति, रात्रि 12 बजे होगा हवन, 10 अप्रैल को होगा कन्या पूजन



उज्जैन। श्री छत्रेश्वरी चामुंडा माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि एवं विक्रम नववर्ष 30 मार्च रविवार से 6 अप्रैल रविवार तक मनाई जाएगी।

इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि एवं विक्रम नववर्ष मंदिर भक्त समिति द्वारा 30 मार्च से मनाया जाएगा। 30 मार्च रविवार को ब्रह्म मुहूर्त में पंडित शरद चौबे, पंडित सुनील चौबे द्वारा घट स्थापना एवं ज्योति जलाकर नवरात्रि एवं नव वर्ष का प्रारंभ किया जाएगा। श्री मां चामुंडा माता मंदिर पर नवरात्रि में प्रतिदिन प्रातः एवं संध्या को 7:30 बजे भव्य आरती के बाद दर्शनार्थियों को ड्राई फ्रूट का प्रसाद वितरण किया जाएगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए दर्शनार्थियों को शीतल छाव एवं शीतल जल की व्यवस्था की जाएगी एवं प्रतिदिन मां को अलग-अलग प्रकार का प्रसाद चढ़ाकर वितरण किया जाएगा। प्रतिदिन यज्ञ एवं माता जी का पाठ किया जाता है एवं जन कल्याण के लिए प्रार्थना की जाती है। विगत 40 वर्षों से लगातार हवन जनकल्याण के लिए किया जा रहा है एवं वर्ष 2016 से लगातार गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाता है। 6 अप्रैल रविवार रात नवमी पर पूर्णाहुति कर रात्रि को 12 बजे हवन के साथ नवरात्रि का समापन किया जाएगा एवं नवरात्रि के बाद 10 अप्रैल गुरुवार को सुबह 11 बजे से कन्या पूजन एवं कन्या भोजन किया जाएगा। चामुंडा माता मंदिर भक्त समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शाह, रमेश टेमनिया, देवेंद्र दाभाड़े, अश्विन नरूला, श्रीकांत वर्मा, पंकज सूर्यवंशी, शैलेंद्र द्रोणावत, संदीप परमार, विशाल सिनोरिया, अंकित मिश्रा, सुनील नागर, महेंद्र सेन आदि भक्तों ने धर्म प्राण जनता से दर्शन लाभ लेने की अपील की।

# सांदीपनि नगर में ध्वज यात्रा में निकले अखाड़े



उज्जैन। सांदीपनि नगर में वर्षों की परंपरानुसार विगत दिवस विशाल ध्वज यात्रा गेर निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में धर्म पताकाएं लहरा रही थी और नगरीय व ग्रामीण अखाड़े भी सम्मिलित हुए। विश्व हिन्दू महासंघ मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता के अनुसार भर्तृहरि गुफा के गादीपति पीर महंत श्री रामनाथजी महाराज ने धर्मध्वजा का पूजन कर यात्रा का आरंभ किया। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सुरेन्द्र यादव, भाजपा नगर उपाध्यक्ष आनंदसिंह खिंची, पूर्व एमआईसी सदस्य मांगीलाल कड़ेल की विशेष उपस्थिति में निकली ध्वज यात्रा में अखाड़े में कलाकार शौर्य कला का प्रदर्शन करते हुए चल रही थी।

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज मंडल ने फूलपाती चल समारोह निकाला गया



उज्जैन। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज कार्तिक चौक की महिला मंडल द्वारा भव्य फूलपाति चल समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। जिसमें महिलाओं ने बेंड बाजो के साथ नृत्य कर भजन गाकर एक दूसरे को बधाई दी संपूर्ण चल समारोह में सभी महिलाओ ने उत्साह से नृत्य किया। पूनम दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुर्जर गौड़ ब्राह्मण की महिलाओं द्वारा भव्य फूलपाति चल समारोह का आयोजन किया। चल समारोह शुरू होने से पहले महिलाओं ने समाज की धर्मशाला पर गणगौर माता की पूजन कर देशभर में खुशहाली की कामना की। फूलपाति चल समारोह में पर छोटी बालिकाओं को दूल्हा दुल्हन बनाया गया। साथ ही इसर गणगौर की मूर्तियों को सुंदर सजा कर महिलाओ ने चल समारोह निकाला। चल समारोह कार्तिक चौक से प्रारंभ होकर गुदरी चौराहा, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, ढाबा रोड, सत्यनारायण मंदिर दानी गेट से होता हुआ पुनः कार्तिक चौक में चल समारोह का समापन हुआ। चल समारोह का सामाजिक संगठन महिला द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। बग्गी पर दूल्हे एवम दुल्हन विराजमान थी।

# किसानो ने एक स्वर में कहा हम ''एक इंच ज़मीन नही लेने देंगे''

## किसान विरोधी सरकार का कोई भी गलत मंसूबा पूरा नहीं होने देंगें- महेश परमार



उज्जैन। सिंहस्थ 2028 महापर्व के नाम पर अन्नदाता की जमीन हड़पने का प्रयास करने वाली भाजपा की दमनकारी सरकार के विरोध में किसान शहर कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां किसानो ने एक स्वर में कहा ''हम एक इंच ज़मीन नही लेने देंगे''।

किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरी प्रदेश कांग्रेस किसान भाइयों के साथ खड़ी है। भाजपा ने एक बार फिर अंग्रेजों के शासन की याद दिलाई है, जो किसानों को अपने ही घर, जमीन से बेदखल करने पर तुली है। विधायक महेश परमार ने कहा कि किसान विरोधी सरकार का कोई भी गलत मंसूबा पूरा नहीं होने देंगें, हम सब गांव गांव जा कर चोपाल बैठक करेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे। शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने संबोधित करते हुए कहा कि ज़मीन हमारी मां है, और कोई हमसे हमारी मां को नहीं छीन सकता। कांधे पर हल लेकर हमारे बुजुर्गों ने जिन जमीनों पर फसलें उगाई उन्हें कैसे अपने स्वार्थ के लिए हड़प सकता है। अन्य वक्ताओं में किसान नेता कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, ग्रामीण अध्यक्ष कमल पटेल, पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार, नेता प्रति पक्ष रवि राय, पार्षद माया त्रिवेदी, राहुल राज, कमल चौधरी, अशोक जाट, सुनील जोशी, विक्रमसिंह पटेल, रामेश्वर पटेल, घनश्याम चौधरी, करण कुमारिया, शहर कांग्रेस प्रभारी अमित शर्मा, सह प्रभारी राजा चोकसे, विधायक दिनेश जेन बोस, मीडिया प्रभारी मंदसौर समर सिंह सहित कई किसान नेताओ ने अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर अजीत सिंह ठाकुर, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष भरत शर्मा, कमल सिंह चौहान, गजराज सिंह पंवार, ईश्वर सिंह चौहान, गजेंद्र मारोठिया, राहुल पटेल, ललित मीणा, संगठन मंत्री अजय राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण शर्मा, विरेन्द्र गोसर, रमेश परिहार, हेमंत गोमे, गब्बर कुवाल, अर्पित दुबे, परमानंद मालवीय, प्रेम लता रामी, वरुण शर्मा आदि उपस्थित रहे। किसान आंदोलन में भाजपा की सरकार द्वारा जेल भेजे गए पार्षद छोटेलाल मंडलोई का स्वागत भी इस दौरान किया गया। संचालन देवव्रत यादव ने किया और आभार अभीषेक शर्मा ने माना।

# गुड़ी पड़वा पर कमल सरोवर पर होगा नव वर्ष अभिनंदन समारोह

उज्जैन। प्रति वर्षानुसार भारतीय नव वर्ष के अभिनंदन के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार, संस्कार भारती एवं योग केंद्र विक्रम, विश्वविद्यालय, उज्जैन वाले फेसबुक ग्रुप, दी इनीशिएटिव सोसाइटी, रिलायंस क्लब फ्रेंड्स लायंस क्लब ऊर्जा, लायंस क्लब स्टेट बैंक, स्वर्णिम भारत मंच, गहोई वैश्य समाज द्वारा सामूहिक सूर्य अर्घ्यदान समारोह आयोजित किया जाएगा।

वर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत् 2082 रविवार 30 मार्च को प्रातः 5:45 से 7 बजे तक सूर्य ध्यान, सामूहिक प्रार्थना, सूर्य नमस्कार, अर्घदान, शुभकामनाओं के साथ कमल सरोवर कालीदास अकादमी कोठी रोड उज्जैन पर आयोजन होगा। उपक्षोन समन्वयक महेश आचार्य ने बताया कि हिंदू धर्म में सिद्धांतों की समीक्षा और उसके बुद्धिसंगत अंश को ही ग्रहण करने की परिपाटी का समर्थन किया गया है।

## सर सैयद अहमद की 127वीं पुण्यतिथि पर हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

उज्जैन। महान शिक्षाविद, दार्शनिक, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद की 127वीं पुण्यतिथि पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि महान शिक्षाविद समाज सुधारक सर सैयद अहमद की 127वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संस्था कार्यालय अमरपुरा पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com